पत्रांक–06/खा0 म0 पटना (नीति)–01/2013– (6)/रा0,

**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**प्रेषक,**

**दीपक कुमार सिंह,**
**अपर मुख्य सचिव।**

**सेवा में,**

ई–मेल

**सभी प्रमण्डलीय आयुक्त,**
**बिहार।**

**सभी समाहर्त्ता,**
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक–..............................

**विषय :– सरकारी भूमि के अंतर्विभागीय, निःशुल्क एवं स्थायी हस्तान्तरण करने के संबंध में।**

**प्रसंग :– विभागीय संकल्प ज्ञापांक सं0–359(6)/रा0, दिनांक–19.05.2014**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय संकल्प के द्वारा 03 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण, चाहे वे जिस उद्देश्य से हो, कि शक्ति समाहर्त्ता को प्रत्यायोजित की गई है एवं 03 से अधिक 05 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण, चाहे वे जिस उद्देश्य से हो, कि शक्ति प्रमण्डलीय आयुक्त को प्रत्यायोजित की गई है।

2. उल्लेखनीय है कि इस हेतु हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि के अन्तर्विभागीय हस्तान्तरण के संबंध में समाहर्त्ता/प्रमण्डलीय आयुक्त के स्तर से जिस विभाग की स्वामित्व की भूमि है उसी विभाग से अनापत्ति/सहमति की मांग की जाती है, जिसमें अनापत्ति/सहमति प्रदान किये जाने में कतिपय विभागों द्वारा विलम्ब किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही है। अनापत्ति/सहमति में विलम्ब होने से परियोजना को ससयम पूर्ण किये जाने में विलम्ब होता है तथा परियोजना के लागत में भी वृद्धि हो जाती है।

3. उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि राज्य अन्तर्गत विभिन्न परियोजना हेतु 03 एवं 05 एकड़ तक सरकारी/गैरमजरूआ आम भूमि का अन्तर्विभागीय निःशुल्क हस्तान्तरण हेतु जिस विभाग की स्वामित्व की भूमि है, से अनापत्ति/सहमति प्राप्त किये जाने में विलम्ब होने की स्थिति में प्रस्ताव एवं अभिलेख की छायाप्रति विभाग को उपलब्ध कराई जाय, ताकि विभाग स्तर से समन्वय स्थापित किया जा सके।

4. अनुरोध है कि तद्नुसार कार्रवाई की जाय।

**विश्वासभाजन**
**ह0/–**
**(दीपक कुमार सिंह)**
**अपर मुख्य सचिव।**

ई–मेल

ज्ञापांक–...........................................................– (6)/रा, पटना–15, दिनांक–..............................

प्रतिलिपि–सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
**(दीपक कुमार सिंह)**
**अपर मुख्य सचिव।**

ज्ञापांक–..........................................................–                    (6)/रा, पटना–15, दिनांक–..............................

प्रतिलिपि–माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना एवं मुख्य सचिव, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**ह0/–**
**(दीपक कुमार सिंह)**
**अपर मुख्य सचिव।**

ज्ञापांक–..............................481–..............–                    (6)/रा, पटना–15, दिनांक–.....19/5/25.....

प्रतिलिपि–विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

**(दीपक कुमार सिंह)**
**अपर मुख्य सचिव।**